न्यायालय भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, खूँटी

अनुमति वाद संख्या :— 163 / 2018—19

(छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा — 46)

रिसा मुण्डा वो ढुलू मुण्डा — विक्रेता

दशमी कुमारी — क्रेता

<table>
<tr><th>आदेश की क्रम संख्या और तारीख</th><th>आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर</th><th>आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी, तारीख सहित</th></tr>
<tr><td>30.10.18</td><td>

आदेश

आवेदक 1. रिसा मुण्डा 2. ढुलू मुण्डा पिता स्व0 बुधू मुण्डा ग्राम—जोड़ा बगीचा, नामकोम, थाना खूँटी, जिला खूँटी ने दशमी कुमारी पिता स्व गहनू मुण्डा ग्राम—पिपराटोली (डहुगुटू), थाना खूँटी, जिला खूँटी के साथ निम्नलिखित भूमि के विक्रय हेतु छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46 के अन्तर्गत अनुमति हेतू आवेदन पत्र दिया है।

ग्राम	थाना नं0	खाता नं0	खेसरा सं0	रकबा (एकड़ में)
नामकोम	90	08	36	0.04½

उभय पक्ष अपने विद्वान अधिवक्ता के साथ उपस्थित हुए आवासीय / जाति प्रमाणपत्र / खतियान एवं लगान की रसीद सं0 055015 की छायाप्रति प्रस्तुत की गई। नोटिस का तामिला प्रतिवेदन प्राप्त है। अंचल अधिकारी, खूँटी के पत्रांक 852 दिनांक 11.10.2018 से जाँच प्रतिवेदन प्राप्त हुआ है। जाँच प्रतिवेदन के अनुसार प्रश्नगत भूमि खतियानी है। खतियानी रैयत का नाम शोए मुण्डा वगैरह हैं। पंजी II के अनुसार मोदो मुण्डा वैगरह के नाम भूमि का रकवा 8.03½ एकड़ है। आवेदक के पास रकवा 2.02 एकड़ अन्य खाता मौजा डहुगुटू 0.60 एकड़ कुल 2.62 एकड़ भूमि है। मालगुजारी का भुगतान वित्तीय वर्ष 2015—16 तक किया गया है। भूमि का न्युनतम प्रस्तावित दर 53180.00(तिरपन हजार एक सौ अस्सी)रू0 प्रति डीसमिल है। इस भूमि के विक्रय में आवेदक के हिस्सेदारों की कोई आपत्ति नहीं है। भूमि विक्रय के बाद आवेदक के पास कुल भूमि अवशेष 2.57½ एकड़ रह जाती है। इस प्रकार आवेदक भूमिहीन नहीं होते हैं।

आवेदक के विद्वान अधिवक्ता का कथन है कि क्रेता एवं विक्रेता एक ही थाना खूँटी के निवासी हैं एंव एक ही जाति (अनुसूचित जनजाति समुदाय) के सदस्य हैं। आवेदक अपने हिस्से की भूमि जो इनके दखल कब्जे की है। जिसे मकान बनाने हेतु विक्री करना चाहते हैं। प्रश्नगत भूमि गैर मजरूआ आम, खास, मन्दिर, मस्जिद, भूईहरी, पहनाई, कैसरेहिन्द, भूहदबन्दी एवं खुटकटी के दायरे में नहीं है। अंचल अधिकारी, खूँटी ने आवेदक क्रेता--विक्रेता को भूमि क्रय—विक्रय करने हेतु अनुशंसा किये हैं।

आवेदक के विद्वान अधिवक्ता के बहस को सुनने प्रस्तुत कागजात एवं अंचल अधिकारी, खूँटी से प्राप्त प्रतिवेदन के अवलोकन एवं किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नहीं होने के कारण 1. रिसा मुण्डा 2. ढुलू मुण्डा पिता स्व0 बुधू मुण्डा को दशमी कुमारी पिता स्व गहनू मुण्डा के साथ ग्राम नामकोम के खाता सं0 08 खेसरा संख्या 36 का रकबा 0.04½ एकड़ भूमि न्यूनतम प्रस्तावित दर 53180.00(तिरपन हजार एक सौ अस्सी)रूपये प्रति डिसमिल या जिला अवर निबंधक, खूँटी के द्वारा निर्धारित दर पर अंचल अधिकारी, खूँटी के अनुशंसा के आधार पर भूमि विक्रय की अनुमति दी जाती है। अभिलेख अभिलेखागार, खूँटी में जमा करें।

लेखापित एवं संशोधित

30/10/18

भूमि सुधार उप समाहर्त्ता,
खूँटी।

30/10/18

भूमि सुधार उप समाहर्त्ता,
खूँटी।

</td><td></td></tr>
</table>